डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
उत्तर प्रदेश सरकार

प्रेषक,

**कुलसचिव**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

1– मा0 न्यायमूर्ति (से0नि0) श्री शैलेन्द्र सक्सेना, एम0आई0जी0 ए0–3, सेक्टर–सी, अलीगंज, लखनऊ।
2– मा0 न्यायमूर्ति (से0नि0) श्री आलोक कुमार सिंह, निवासी–बी1/289, विक्रान्त खण्ड,, लखनऊ।
3– प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0 प्र0 शासन।
4– प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उ0 प्र0 शासन।
5– प्रमुख सचिव/सचिव, व्यवसायिक शिक्षा विभाग, उ0 प्र0 शासन।
6– निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0 प्र0, लखनऊ।
7– निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0 प्र0, 5 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
8– सचिव, डा0 शकुन्तला मिश्रा स्मृति सेवा संस्थान, 17/9 विन्डसर पैलेस, योजना भवन के पीछे, लखनऊ।
9– डॉ0 उदयभान यादव, पूर्व विभागाध्यक्ष, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज, प्रयागराज।
10– प्रो0 राजनाथ, विभागाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान विभाग, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
11– डॉ0 गनपत सिंह कश्यप, निवासी–टीचर्स कालोनी, धामपुर, बिजनौर।
12– प्रो0 रवि शंकर सिंह, भौतिक विज्ञान विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
13– प्रो0 विनोद कुमार सिंह, आचार्य, अंग्रेजी, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
14– प्रो0 शेफाली यादव, आचार्य, विधि, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांकः २010 /फा0सं0–36(सप्तम)/डा.श.मि.रा.पु.वि./कार्य0परि0/2023–24 दिनाँकः २3 दिसम्बर, 2023

**विषयः–** **डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 कार्य परिषद की 45वीं बैठक दिनांकः 20 दिसम्बर, 2023 का कार्यवृत्त प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि उपर्युक्त विषयक डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 कार्य परिषद की 45वीं बैठक दिनाँक 20 दिसम्बर, 2023 के कार्यवृत्त की छायाप्रति प्रेषित किये जाने का निदेश हुआ है।

भवदीय,

**संलग्न– यथोपरि।**

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

**पृष्ठांकन संख्या व दिनाँक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः–** वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
## की मा0 कार्य परिषद की 45वीं बैठक
## दिनाँकः 20 दिसम्बर, 2023 का कार्यवृत्त

**समय–** मध्याह्न 12:00 बजे

**स्थान–** पंचम तल स्थित सभागार,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ।

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की मा0 कार्य परिषद की 45वीं बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| बिन्दु सं0 | कार्यवाही |
|---|---|
| 1/45 | **मा0 कार्य परिषद की 44वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।** |
| | निर्णयः– मा0 कार्य परिषद् की 44वीं बैठक दिनाँक 22 सितम्बर, 2023 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। |
| 2/45 | **मा0 कार्य परिषद की 44वीं बैठक दिनांक 22 सितम्बर, 2023 में लिए गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।** |
| | निर्णयः– मा0 कार्य परिषद् की 44वीं बैठक दिनांक 22 सितम्बर, 2023 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या का अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 3/45 | **विश्वविद्यालय में साईंन लैंग्वेज इण्टरप्रेटर के मानदेय की वृद्धि के सम्बन्ध में।** |
| | निर्णयः–मा0 कार्य परिषद् के सदस्यों द्वारा श्रवणबाधित विद्यार्थियों के पठन–पाठन में सुगमता के लिए साईंन लैंग्वेज इण्टरप्रेटर की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त उनके मानदेय धनराशि रू0 27000/– प्रतिमाह की राशि में वृद्धि करते हुए धनराशि रू0 30,000/– किये जाने पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई। |
| 4/45 | **विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन हेतु 'सर्च कमेटी' के गठन के सम्बन्ध में।** |
| | निर्णयः– मा0 कार्य परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव का अवलोकन किय गया एवं सम्यक् विचारोपरान्त कुलपति के चयन हेतु 'सर्च कमेटी' के गठन में कार्य परिषद द्वारा नामित सदस्य के रूप में श्री सुभाष चंद शर्मा, आई0ए0एस0, प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0 प्र0 शासन को नामित किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 5/45 | **मा0 विद्या परिषद की 29वीं बैठक दिनांक 20 सितम्बर, 2023 में लिए गये निर्णयों पर विचार।** |
| | निर्णयः– मा0 विद्या परिषद की सम्पन्न 29वीं बैठक दिनांक 20 सितम्बर, 2023 के निर्गत कार्यवृत्त पर मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 6/45 | **विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की 14वीं बैठक दिनांक 04 नवम्बर, 2023 में लिये गये निर्णय पर विचार।** |
| | निर्णयः–विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की 14वीं बैठक दिनांक 04 नवम्बर, 2023 के निर्गत कार्यवृत्त का अवलोकन करते हुए मा0 कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |

(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

| 7/45 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय। |
|---|---|
| (1) | शिक्षकवृन्द को कैरियर एडवांसमेण्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत प्रोन्नत किए जाने के सम्बन्ध में। |

**निर्णयः–** मा० कार्य परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत शिक्षकों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम एवं समय–समय पर किये गये संशोधनों के आलोक में कैरियर एडवासंमेण्ट स्कीम (CAS) के अन्तर्गत प्रोन्नति प्रदान करने हेतु यू०जी०सी० द्वारा इस सम्बन्ध में निर्गत नियमन–2018 में वर्णित व्यवस्थानुसार प्रारम्भिक स्क्रीनिंग कमेटी तथा स्क्रीनिंग–कम–इवेल्युएशन समिति (कुलपति, विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में) की बैठक विभिन्न तिथियों में आहूत की गई।

मा० कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों हेतु प्रस्तावित विषय विशेषज्ञों के अनुमोदित पैनल में से उपलब्धता के आधार पर बाह्य विशेषज्ञ के माध्यम से सम्बन्धित विषय के असिस्टेण्ट प्रोफेसर, स्टेज 1 से स्टेज 2 (ए.जी.पी. 6000/एकेडमिक लेवल–10 से ए.जी.पी. 7000/ एकेडमिक लेवल–11) तथा स्टेज 2 से स्टेज 3 (ए.जी.पी. 7000/एकेडमिक लेवल–11 से ए.जी.पी. 8000/एकेडमिक लेवल–12) की निम्नलिखित प्रोन्नति को अवलोकित करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया–

**कैरियर एडवांसमेंट योजनान्तर्गत (CAS) स्टेज–01, ए.जी.पी 6000 से स्टेज–02, ए.जी.पी. 7000 (एकेडमिक लेवल– 10 से एकेडमिक लेवल–11) में प्रोन्नति –**

| क्र0 सं0 | शिक्षकवृन्द का नाम | विभाग का नाम |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 दुष्यंत त्यागी | गणित एवं सांख्यिकी |
| 2. | डॉ0 डी0 सी0 शर्मा | माइक्रोबायोलॉजी |
| 3. | श्री शैल शाक्य | विधि |
| 4. | डॉ0 सुनीता शर्मा | ललितकला |

**कैरियर एडवांसमेंट योजनान्तर्गत (CAS) स्टेज– 02, ए.जी.पी. 7000 से स्टेज–03, ए.जी.पी. 8000 (एकेडमिक लेबल 11 से 12) में प्रोन्नति हेतु प्राप्त आवेदन**

| क्र0 सं0 | शिक्षकवृन्द का नाम | विभाग |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 ज्योति गौतम | हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा |
| 2. | डॉ0 शशि सौरभ | राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन |
| 3. | डॉ0 अपर्णा | इतिहास |
| 4. | डॉ0 गुलाब चन्द्र राय | विधि |
| 5. | डॉ0 विजेता दुआ | विधि |
| 6. | डॉ0 नरेन्द्र प्रताप सिंह | वाणिज्य |

किसी अन्य बिन्दु के अभाव में सधन्यवाद बैठक का समापन किया गया।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ